Title: Need to construct a dam on 'Nar-Par' rivers with a view to solve irrigation and drinking water problems in Malegaon Parliamentary Constituency, Maharashtra. − Laid.

**श्री हरिश्चंद्र चव्हाण (मालेगाँव) :** *अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मालेगांव, महाराष्ट्र के अंतर्गत नार-पार नदियां हैं, लेकिन ये नदियां काफी गहराई में है, जिसके कारण इन नदियों के पानी का उपयोग न तो सिंचाई के काम आता है और न पेयजल हेतु इन नदियों का पानी बिना उपयोग में आये सीधे समुद्र में चला जाता है। यदि सरकार इन नदियों पर बांध बना दे और पम्प लगा कर बांध के पानी को घाटी से ऊपर खेती की भूमि में पहुंचाया जाये तो नाशिक, धुलिया और अहमदनगर जिले की सिंचाई की समस्या का समाधान हो सकता है और साथ ही नागरिकों की पेयजल की समस्या भी हल हो सकती है।

अतः मैं आपके माध्यम से जल संसाधन मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बहने वाली नार-पार नदियों परब ध बन्वा कर पम्प के द्वारा पानी घाटी से ऊपर पहुंचा कर उस क्षेत्र की सिंचाई एवं पेयजल की समस्या के समाधान हेतु अवाश्यक कार्यवाही करने का कट करें।

---

* Laid on the Table.